दिन– शनिवार दिनांक– 30 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने झंझारपुर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में पचास हजार से अधिक लाभार्थियों के बीच एक हजार एक सौ इककीस करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित किया।

02. केंद्रीय मंत्री ने कहा– वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेले का किया उद्घाटन। कहा –कृषि के विकास के लिए एक लाख बासठ हजार करोड़ रूपये की दी गयी स्वीकृति।

04. और, पटना मैराथन दो हजार चौबीस का कल होगा आयोजन। रन फॉर नशा मुक्त बिहार की थीम के साथ दौड़ेगे पटनावासी।

————————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मधुबनी जिले के झंझारपुर में एक ऋण आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत का विकास महिलाओं के नेतृत्व में होना चाहिए।

———बाईट———

माननीय प्रधानमंत्री जी एक और बात बोलते हैं, लखपति दीदी हर गांव में होना चाहिए उसके लिए बैंक के द्वारा जितने भी काम करना चाहिए आप करिए हर एसएनजी ग्रुप के लिए महिला को उनके कार्यक्रम बनाने के लिए पैसा भी देते हैं, उनको ट्रेनिंग भी देते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तरी बिहार के विकास के लिए एनडीए प्रतिबद्ध है। उन्होंने केंद्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस में इस क्षेत्र के लिए बाढ़ शमन और मौद्रिक आवंटन के लिए केंद्र के कार्यों पर भी प्रकाश डाला।

———बाईट———

इस बार बजट में बिहार के लिए बहुत सारे ऐसे कार्यक्रम दिए हैं जैसे विष्णुपद गया के लिए कॉरिडोर, बोधगया के लिए कॉरिडोर और उत्तर बिहार के लिए दिये हैं। इन सब के अलावा रेलवे स्टेशन हो या कुछ ग्राम सड़क योजना हो इन सब का भी प्रावधान हम कर रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पचास हजार से अधिक लाभार्थियों को एक हजार एक सौ इक्कीस करोड़ रुपये से अधिक के ऋण के स्वीकृति–पत्र सौंपे। केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारामन ने प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, मुद्रा, स्टैंडअप इंडिया और किसान क्रेडिट कार्ड योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न लाभार्थियों को ऋण का संवितरण किया। इससे पहले उन्होंने स्व–सहायता समूहों, विशेषकर जीविका दीदी की महिला सदस्यों के साथ बातचीत की। इन महिलाओं ने हस्तशिल्प, मिट्टी से बने बर्तन, मशरूम और अन्य विभिन्न कृषि उत्पादों का प्रदर्शन किया। श्रीमती सीतारामन मधुबनी जिले के सौराठ भी गयीं, जहां उन्होंने मिथिला चित्रकला संस्थान में कारीगरों, महिला शिल्पकारों और मधुबनी पेंटिंग के कलाकारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मधुबनी पेंटिंग की प्रसिद्ध कलाकार पद्मश्री बउआ देवी, दुलारी देवी और सिवन पासवान से विशेष मुलाकात की। इस दौरान सांसद अशोक यादव, संजय झा, विधायक विनोद नारायण झा, हरिभूषण ठाकुर बचौल, सुधांशु शेखर समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने झंझारपुर प्रखंड के अररिया संग्राम में सुगरवे नदी के दोनों तट पर बन रहे रिवरफ्रंट का स्थल निरीक्षण किया और कार्य की सराहना की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय कुमार झा, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

———————————————————————

केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मंत्री ने आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। मधुबनी में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में भाग लेने के बाद उन्होंने पटना में एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर श्री कुमार से बातचीत की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने राज्य में चल रहे विकास कार्यों को लेकर राज्य सरकार की सराहना की।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि कृषि प्रक्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगभग एक लाख बासठ हजार करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गयी है। श्री कुमार ने आज पटना के गांधी मैदान में राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेले का उद्‌घाटन के बाद कहा कि राज्य सरकार किसानों को हर प्रकार की सुविधा देने के लिए कार्य कर रही

है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में कृषि रोड मैप बनाया गया है। जिसका लाभ बड़े पैमाने पर किसानों को मिल रहा है।

–––बाईट–––

इससे पहले उन्होंने मेले में लगाए गए कृषि यंत्र प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और चिन्हित किसानों को कृषि टूल किट प्रदान किया।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना मैराथन दो हजार चौबीस का कल आयोजन किया जायेगा। मद्य निषेध विभाग ने इस वर्ष मैराथन का थीम रन फॉर नशा मुक्त बिहार रखा गया है। विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा है कि इस दौड़ में शामिल होने वाले विजेताओं को अलग–अलग श्रेणियों में पचास लाख रुपये तक के इनाम दिये जायेंगे। पटना के यातायात एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि मैराथन के आयोजन को देखते हुए आज रात बारह बजे से कल सुबह ग्यारह बजे तक अटल पथ और जे.पी. गंगा पथ के एक लेन पर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

–––बाईट–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

लखीसराय में आज से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव शुरू हो गया है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बिहार की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विकसित बिहार को लेकर फिल्म बनाई जाएगी, जिसमें दो हजार पांच के बाद के बिहार को प्रर्दर्शीत किया जाएगा।

–––बाईट–––

महोत्सव में राज्य के सभी जिलों से एक हजार चौवन प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। झांकी प्रतियोगिता में आज पटना जिला पहले स्थान पर रहा। जबकि दूसरे स्थान पर मधुबनी और तीसरे स्थान पर लखीसराय जिले की टीम रही।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने पटना में चल रहे बिपेक्स– दो हजार चौबीस में डाक टिकटों के संग्रह के विशेष एल्बम का अनावरण किया। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि डाक टिकटों का संग्रहण केवल शौक नहीं, बल्कि इतिहास, कला और संस्कृति का अनूठा संग्रह है। आकाशवाणी से बातचीत करते हुए उन्होंने विरासत के संरक्षण और बेहतर प्रदर्शन के लिए डाक विभाग की कर्मियों की सराहना की है।

———बाईट———

———————————————————————————

रेलवे ने वातानुकूलित श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए कंबल की सफाई की अवधि घटाकर पंद्रह दिन कर दी है। रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि यात्रियों को दी जाने वाली सुविधा की गुणवत्ता बढ़ाने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए बेडशीट, कंबल, तकिया आदि की धुलाई और सफाई पंद्रह दिनों के भीतर की जाएगी।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चार से पांच दिनों तक प्रदेश के मौसम में किसी बड़े बदलाव की सम्भावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान सुबह के समय राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहेगा।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेहरी दस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————————

राज्य के सरकारी स्कूलों में कल से नये समय सारणी लागू हो जाएगी। सोमवार से कक्षाएं नये समय–सारणी के अनुसार आयोजित होंगी। शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक स्कूलों में पठन–पाठन का कार्य संचालित किया जाएगा। सुबह साढ़े नौ बजे से दस बजे तक प्रार्थना होगी और सुबह दस बजे पहली कक्षा शुरू होगी। बढ़ती ठंड के मद्देनजर स्कूलों के समय में यह परिवर्तन किया गया है।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से अनुशंसित प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, विद्यालय अध्यापक और सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण स्थानीय निकाय के शिक्षकों की काउंसलिंग नौ दिसम्बर से इकतीस दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की काउंसलिंग नौ से तेरह दिसम्बर तक होगी।

———————————————————————————

पटना विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज पटना विमेन्स कालेज के सभागार में आयोजित किया गया। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सैंतालीस शोधार्थियों को पीएचडी और तैंतालीस छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने बिहार सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन मीडिया नीति दो हजार चौबीस की घोषणा की है। इसके तहत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, वेब मीडिया और मोबाइल एप संचालक विज्ञापन के लिए सूचीबद्ध हो सकते हैं। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति या फर्म आज से पन्द्रह दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————————————

अयोध्या से जनकपुर जा रही श्रीराम जानकी बारात शोभा यात्रा आज शिवहर पहुंची। शिवहर के विभिन्न भागों में रामजानकी बारात का भव्य स्वागत किया गया। तीन दिसम्बर को यह बारात नेपाल के जनकपुर पहुंचेगी। छह दिसम्बर को विवाह पंचमी के अवसर पर तिरूपति बालाजी से आए चालीस पुजारियों की टीम जनकपुर धाम में श्रीराम जानकी विवाह संपन्न करायेगी।

———————————————————————————

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चार दिसम्बर से आयोजित होने वाली सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए बिहार टीम की घोषणा कर दी गयी है। इस टीम में बेगूसराय की भाव्या और हर्षिता भारद्वाज को जगह मिली है। बिहार की टीम अपना पहला मुकाबला चार दिसम्बर को पंजाब से खेलेगी।

———————————————————————————

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बाईपास पर कल एक आभूषणालय के कर्मी से साढ़े चार लाख रूपये लूट की घटना का पुलिस ने उद्भेदन किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————

अरवल जिला सदर अस्पताल में आज भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी के तत्वावधान में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।

———————————————————————

दरभंगा में महिला विशेष कोषांग ने अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा के तहत आज लहेरियासराय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान स्कूली छात्र–छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकारी और गायन के जरिए महिला हिंसा के खिलाफ लोगों को जागरूक किया।

———————————————————————

बक्सर जिले के मुरार थाना क्षेत्र अंतर्गत आमसारी गांव में हर्ष फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

बिहार अभियंत्रण सेवा संघ ने पटना में सड़क सुरक्षा विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान विषय विशेषज्ञों ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उपायों पर चर्चा की।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के आर्ट गैलरी सभागार में जदयू की जिला इकाई ने जिलाध्यक्ष रूदल राय की अध्यक्षता में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने सम्मेलन को संबोधित किया।

———————————————————————

शेखपुरा जिला मुख्यालय के अभ्यास मध्य विद्यालय में आज बाल मेला का आयोजन किया गया। मेले में छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने झंझारपुर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में पचास हजार से अधिक लाभार्थियों के बीच एक हजार एक सौ इककीस करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित किया।

02. केंद्रीय मंत्री ने कहा– वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेले का किया उद्घाटन। कहा –कृषि के विकास के लिए एक लाख बासठ हजार करोड़ रूपये की दी गयी स्वीकृति।

04. और, पटना मैराथन दो हजार चौबीस का कल होगा आयोजन। रन फॉर नशा मुक्त बिहार की थीम के साथ दौड़ेगे पटनावासी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।